(151)

मुख्य सचिव, स्वास्थ्य कार्यालय
ED, SHS
07 OCT 2022
बिहार

दिनांक 01.10.2022 को जिला पदाधिकारी बांका द्वारा सदर अस्पताल, बांका में विश्व वृद्ध दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का उद्घाटन एवं मिशन 60 दिन के अंतर्गत किये गए निरिक्षण से संबंधित प्रतिवेदन।

(1) दिनांक 01.10.2022 को विश्व वृद्ध दिवस के अवसर पर सदर अस्पताल, बांका में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पदाधिकारी, बांका के द्वारा किया गया तथा उक्त कार्यक्रम में वृद्ध व्यक्तियों के इलाज के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। कर्त्तव्य पर उपस्थित चिकित्सा पदाधिकारी डा0 विजय कुमार द्वारा जानकारी दी गई की अबतक 12 वृद्धजनों का इलाज किया गया है एवं उनका वाइटल लीए जाने के उपरांत उन्हें आवश्यक दवाएं भी दी गई है। साथ ही जेरियाट्रिक वार्ड को भी सुसज्जीत अवस्था में रखा गया है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर संबंधित को जेरियाट्रिक वार्ड के अंतः कक्ष में भर्ती कर उनका समुचित उपचार किया जा सके।

जिला पदाधिकारी, बांका द्वारा जेरियाट्रिक वार्ड का निरिक्षण किया गया एवं वार्ड, बेड एवं आवश्यक उपकर्णों के साथ सुसज्जित अवस्था में पाया गया। जिला पदाधिकारी, बांका द्वरा पृच्छा किये जाने पर उपाधीक्षक सदर अस्पताल द्वारा बताया गया की एक ही मेडिसिन के विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध होने के कारण जेरियाट्रिक वार्ड को पुर्णतः क्रियाशील नहीं किया जा सका है। इसपर जिला पदाधिकारी, बांका द्वारा उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, बांका को निर्देश दिया गया कि उपलब्ध संसाधनों के अधीन ही जेरियाट्रिक वार्ड का संचालन सुनिश्चित करें एवं सिविल सर्जन, बांका को निर्देश दिया गया कि चिकित्सकों के सुव्यवस्थीकरण की प्रक्रिया को यथाशीघ्र पूर्ण करते हुए अनुमोदन हेतु संचिका अधोहस्ताक्षरी को उपस्थापित करना सुनिश्चित करें।

6186 (HS) 12/10

**( अनुपालन : उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, बांका एवं सिविल सर्जन, बांका)**

(2) मिशन 60 दिन के अंतर्गत सदर अस्पताल में करवाये जा रहे विभिन्न कार्यों का निरिक्षण जिला पदाधिकारी, बांका द्वारा किया गया। इस क्रम में सदर अस्पताल के ड्रग स्टोर, इमरजेंसी, ओ0पी0डी0 एवं कार्यालय के गलियारा में लगाए जा रहे फाल्स सिलिंग एवं अस्पताल के द्वितीय तल पर लॉन्ड्री रूम के नवनिर्माण का कार्य, May I Help You हेल्प डेस्क में हो रहे मरम्मती एवं सुसज्जिकरण के कार्यों का निरिक्षण किया गया तथा अस्पताल प्रबंधक एवं उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, बांका को उक्त कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण करवाए जाने का निदेश दिया गया।

Upload

अस्पताल के बाहरी परिसर के निरिक्षण के क्रम में BMSICL द्वारा अस्पताल के रंग रोगन एवं मरम्मती के कार्यों का निरिक्षण किया गया एवं उक्त कार्यों को शीघ्र पूर्ण करवाए जाने हेतु अतिरिक्त मजदुरों को कार्य पर लगाए जाने का निर्देश दिया गया, एवं अस्पताल के अन्य कार्य यथा, गलियारा में टाइल्स लगाए जाने, बाथरूम, खिड़की आदि की मरम्मती एवं दिव्यांगजन हेतु प्रसाधन बनवाए जाने का कार्य अविलंब प्रारंभ करने का निर्देश अभियंता, BMSICL बांका को दिया गया।

SPO(QA)

**(अनुपालन : उपाधीक्षक/अस्पताल प्रबंधक, सदर अस्पताल, बांका/अभियंता, BMSICL बांका)**

28/10/22

(3) जिला पदाधिकारी द्वारा अस्पताल में बेकार पड़े सामग्रीयों के निस्तारण के संबंध में पृच्छा किये जाने पर प्रभारी सिविल सर्जन, बांका द्वारा बताया गया कि इस संबंध में सभी संबंधित पदाधिकारी के साथ दिनांक 30.09.2022 को बैठक संपन्न कर ली गई है एवं दर निर्धारण की प्रक्रिया हेतु अन्य जिलों से बैठक की कार्यवाई प्राप्त कर शीघ्र ही इस प्रक्रिया को पूर्ण कर लिया जाएगा। जिला पदाधिकारी, बांका द्वारा इस प्रक्रिया को यथाशीघ्र पूर्ण किये जाने का निदेश प्रभारी सिविल सर्जन, उपाधीक्षक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं जिला गुणवत्ता यकीन को दिया गया।

**(अनुपालन : सिविल सर्जन,बांका/उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, बांका/जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं जिला गुणवत्ता यकीन सलाहकार, जिला स्वास्थ्य समिति, बांका)**

कार्यपालक निदेशक

(4) जिला पदाधिकारी, बांका द्वारा SNCU के निरिक्षण के क्रम में कर्त्तव्य पर उपस्थित चिकित्सक एवं SNCU प्रभारी से अत्यधिक संख्या में नवजात शिशुओं के SNCU रेफर होने एंव मेडिकल एडवाइस के विरूद्ध (LAMA) अस्पताल से चले जाने के संबंध में पृच्छा की गई। पृच्छा के क्रम में SNCU प्रभारी द्वारा बताया गया कि चिकित्सकों के प्रायः अनुपस्थित रहने के कारण इमरजेंसी में कर्त्तव्य पर उपस्थित चिकित्सक द्वारा नवजात शिशुओं को रेफर कर दिया जाता है। इस संबंध में अस्पताल प्रबंधक द्वारा एक आंकड़ा प्रस्तुत किया गया

स्वास्थ्य समिति बिहार
वितरण शाखा
प्रविष्ट सं०- 7767
दिनांक - 19/10/22

जिसमें पाया गया कि रेफर किए गये सभी नवजात शिशुओं में से 67.4% को इमरजेंसी में उपस्थित चिकित्सकों द्वारा रेफर किया गया है। श्रीमती सोनी कुमारी, श्रीमती पुनम कुमारी एंव श्री आशीष कुमार, ग्रेड 'ए' नर्स के कर्त्तव्य अवधि के दौरान 34.8% एवं श्रीमती अंजली कुमारी, श्रीमती संगीता कुमारी एवं श्री आनंद कुमार, ग्रेड 'ए' नर्स के कर्त्तव्य अवधि के दौरान 33.3% नवजात शिशुओं को रेफर किया गया है। इस संबंध में उपाधीक्षक सदर अस्पताल, बांका को निर्देश दिया गया कि इस संदर्भ में सभी संबंधित से कारण पृच्छा की जाय तथा SNCU के रोस्टर को इस प्रकार संधारित किया जाए कि सभी पालीयों में चिकित्सकों की उपस्थिति बनी रहे। आवश्यक स्थिति में ही नवजात शिशुओं को केवल SNCU में कार्यरत चिकित्सक द्वारा रेफर एवं डिस्चार्ज किये जाने का निर्देश दिया गया। SNCU प्रभारी द्वारा जानकारी दी गई कि माताओं के ठहरने के लिए बेड की कमी के कारण भी नवजात शिशुओं को रेफर किया जाता है, इस संदर्भ में जिला पदाधिकारी, बांका द्वारा उपाधीक्षक/अस्पताल प्रबंधक, सदर अस्पताल, बांका को माताओं के ठहरने हेतु SNCU के समीप ही 5 वेड का एक वार्ड 10 दिनों के भीतर बनाए जाने का निर्देश दिया गया।

**(अनुपालन : उपाधीक्षक/अस्पताल प्रबंधक/SNCU के चिकित्सक, प्रभारी एवं अन्य कर्मी, सदर अस्पताल, बांका)**

ह०-
जिला पदाधिकारी
बांका।

ज्ञापांक 1495 बांका, दिनांक 01/10/2022

प्रतिलिपिः SNCU के चिकित्सक, प्रभारी एवं सभी कर्मी, सदर अस्पताल, बांका को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपिः उपाधीक्षक/अस्पताल प्रबंधक, सदर अस्पताल, बांका को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपिः असैनिक शल्य चिकित्सक सह मख्य चिकित्सा पदाधिकारी, बांका/सिविल सर्जन सह सदस्य सचिव, जिला स्वास्थ्य समिति, बांका को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपिः अभियंता, BMSICL, बांका/प्रोजेक्ट मैनेजर, BMSICL, बांका को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपिः प्रबंध निदेशक, BMSICL, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।
प्रतिलिपिः आयुक्त, भागलपुर प्रमंडल, भागलपुर को सादर सूचनार्थ समर्पित।
प्रतिलिपिः कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।
प्रतिलिपिः अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार, को सादर सूचनार्थ समर्पित।

जिला पदाधिकारी
बांका।
1.10.22

## Inspection note no.1495 (DHS) dt.01-10-22

**From :** District Health Society Banka <dhs-banka-bih@nic.in>

Thu, Oct 06, 2022 05:37 PM

1 attachment

**Subject :** Inspection note no.1495 (DHS) dt.01-10-22

**To :** dh banka <dh.banka@gmail.com>, bmsiclpatna@gmail.com, bmsicl infrabhagalpur <bmsicl.infrabhagalpur@gmail.com>, rktiwarydgm bmsicl <rktiwarydgm.bmsicl@gmail.com>, datacentreshsbnew@gmail.com, healthbih <health-bih@nic.in>

**Cc :** mailtoprabhat@gmail.com, cmobanka@gmail.com

Respected sir/Madam,

Please find attached letter/file for necessary action.

With regards
District Health Society,
Purani Thakurwari Road, Banka.
# 06424222220

Azadi Ka Amrit Mahotsav

**Inspection note no.1495 (DHS) dt.01-10-22.pdf**
261 KB